भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या - 70

सोमवार, 01 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक)

महाराष्ट्र के लिए केंद्र प्रायोजित योजना हेतु निधि

70. श्री अनूप संजय धोत्रे:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र प्रायोजित योजनाओं को लागू करने के लिए महाराष्ट्र राज्य को संवितरित धनराशि कितनी है;

(ख) क्या राज्य ने पिछले पांच वर्षों के दौरान इन योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए समान घटकों हेतु योगदान दिया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसी अवधि के दौरान राज्य सरकार द्वारा वर्ष-वार कितनी धनराशि का अंशदान किया गया है;

(घ) क्या महाराष्ट्र राज्य सरकार ने उसी अवधि के दौरान योजनाओं के तहत उपयोग की गई धनराशि के लिए उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके वर्ष-वार क्या कारण हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): केन्द्र प्रायोजित स्कीमों (सीएसएस) के कार्यान्वयन के लिए महाराष्ट्र की राज्य सरकार को पिछले पाँच वर्षों के दौरान संवितरित निधि का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) से (ग): जी हां। केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए पिछले पाँच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र की राज्य सरकार द्वारा दी गई धनराशि का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ) से (ङ): व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के दिनांक 23 मार्च, 2021 के निर्देशों के अनुसार, नोडल मंत्रालयों/विभागों द्वारा निधियों का केन्द्रीय हिस्सा केवल पहले जारी किए गए केन्द्रीय हिस्से और उसके आनुपातिक राज्य हिस्से दोनों के 75% उपयोग के पश्चात ही जारी किया जाता है।

****

दिनांक 01.12.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 70 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I

केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए महाराष्ट्र की राज्य सरकार को पिछले पाँच वर्षों के दौरान संवितरित निधि का विवरण

(करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**
राज्य कोषागार	12,823	11,438	15,443	17,693	20,876
कार्यान्वयन एजेंसी	34,783	5,347	9,000	12,601	7,092
कुल	**47,606**	**16,785**	**24,443**	**30,294**	**27,968**

स्रोत: पीएफ़एमएस

दिनांक 01.12.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 70 के भाग (ख) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-II

केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए पिछले पाँच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र की राज्य सरकार द्वारा किए गए अंशदान का विवरण

(करोड़ रु. में)

वित्त वर्ष	**राशि**
2020-21	3,408
2021-22	10,111
2022-23	13,650
2023-24	13,766
2024-25	18,194

स्रोत:

1. वित्त वर्ष 2020-21 से 2023-24: भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा प्रकाशित राज्य वित्त लेखा।
2. वित्त वर्ष 2024-25: पीएफ़एमएस